K20U 0035

Reg. No. : ...............................

Name : ..................................

**VI Semester B.A. Degree (CBCSS-Reg./Supple./Improv.)**
**Examination, April 2020**
**(2014 Admission Onwards)**
**CORE COURSE IN HINDI**
**6B13 HIN : हिन्दी कविता**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(1×7=7)**

1) 'गीत-फ़रोश' कविता में अभिव्यक्त सामाजिक-व्यंग्य की विवेचना कीजिए।

2) 'विलाप' कविता के आधार पर अशोक वाजपेयी की काव्य संवेदना पर विचार कीजिए।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(1×7=7)**

3) 'शंबूक' काव्य में कवि ने 'मद्यकालीन मानसिकता पर कठिन प्रहार किया है'-सिद्ध कीजिए।

4) दलित-विमर्श के संदर्भ में 'शंबूक' काव्य की विवेचना कीजिए।

III. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

5) बाबूजी ! सच कहूँ-मेरी निगाह में
न कोई छोटा है
न कोई बडा है
मेरे लिए, हर आदमी एक जोडी जूता है
जो मेरे सामने
मरम्मत के लिए खडा है।

6) किंतु युग बदला व आया कीर्ति-व्यवसायी
...लाभकारी कार्य में से धन,
व धन में से हृदय-मन,
और, धन: अभिभूत अंत:करण में से
सत्य की झांई
निरंतर चिचिलाती थी।

P.T.O.

7) कृतज्ञ होकर
सबसे बड़ा डाक्टर सबसे गरीब आदमी का इलाज करे
और फीस माँगने से डरे।
सबसे गरीब बीमार आदमी केलिए
सबसे सस्ता डाक्टर भी
बहुत महँगा है। **(2×3=6)**

IV. कम से कम **125** शब्दों में किसी **एक** अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

8) जो व्यवस्था व्यक्ति के सत्कर्म को भी
मान ले अपराध
जो व्यवस्था
फूल को खिलने न दे
निर्बाध
जो व्यवस्था
वर्ग-सीमित स्वार्थ से
हो ग्रस्त
वह विषम
घातक व्यवस्था
शीघ्र ही हो
अस्त।

9) 'उठो
मेरे माथे पर
अपने ताजे खून का
तिलक करो।
पैरों से कुचली प्रतिष्ठा के
राज्याभिषेक के लिए
मुझे एक युग से
तुम्हारी तलाश थी।' **(1×3=3)**



V. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

10) 'एकलव्य' में अभिव्यक्त काव्य-संवेदना पर विचार कीजिए।

11) 'बावरा अहेरी' में प्रकृति के प्रति कवि की आस्था को व्यक्त कीजिए।

12) 'ब्रह्मराक्षस' कविता की फैन्टसी का निर्धारण कीजिए।

13) 'सबसे गरीब आदमी की' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। **(3×3=9)**

VI. कम से कम **चार** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

14) 'मोचीराम' किसका प्रतीक है ?

15) 'शम्बूक' के चरित्र की विशेषता क्या है ?

16) 'विलाप' कविता में कवि किन-किन बातों पर विलाप करते हैं ?

17) 'शम्बूक' काव्य के माध्यम से कवि ने समाज को कौन-सा संदेश दिया है ?

18) 'गीत फ़रोश' कविता की मूल संवेदना क्या है ?

19) 'शम्बूक' के अनुसार लोकनायक कौन है ?

20) 'बस अब और कितना' कविता का संदेश क्या है ?

21) 'कविता की मौत' स्वीकार करने के लिए कवि तैयार नहीं है, क्यों ?

22) 'उल्टा ज़माना' कविता की मूल संवेदना क्या है ?

23) कवि 'पत्थर की बेंच' को लेकर कौन-सी आशंका प्रकट करता है ? **(8×1=8)**